# वार्षिक प्रगति आख्या

**वर्ष** 2015–16



# हिमाद समिति

निकट गणेश मन्दिर गोपेश्वर चमोली उत्तराखंण्ड पिन कोड नं0 246401

फोन न0. 911372253068, 253067, 253069, फैक्स न0. 91137225306

ई मेल : himadsamiti@gmail.com

Web page -: www.himad.org

हिमाद 20 वर्षों से लगातार सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से जन जागरूकता का काम करता आया है। जिसमें गरीब एवं हाशिये पर रह रहे लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में सुधार हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय में सामाजिक सरोकार के काम को मजबूती प्रदान करने के लिए समूहों व व्यक्तियो के दृष्टिकोण निर्माण एवं कार्यनीति बनाने और उसे समृद्ध करने में मदद करना। जानकारी ज्ञान एवं सूचना विकास के लिए सामाजिक समूहों की नेटवर्किंग कर उसमें बढ़ोत्तरी करना तथा समुदाय को संगठित कर उनमें लोकतान्त्रिक प्रक्रिया को संचालित करने हेतु तैयार करना। तथा समुदाय में व्याप्त कुरीतियों, लिंगभेद, जाति भेद, जेण्डर विभेद, शोषण, गरीबी, आत्म निर्भर व भेदभाव रहित लोकतान्त्रिक समाज बनाने के लिए संवेदित करना। तथा उपलब्ध आधार भूत सुविधाओं के बेहतर उपयोग एवं शासन प्रशासन के साथ समन्वयन हेतु वातावरण तैयार करने का काम करते आया

चाइल्ड लाईन सेवा 1098 कार्यक्रम



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समेकित बाल सुरक्षा कार्यक्रम का संचालन वर्ष 2009 में किया गया। नोडल एजेंन्सी चाइल्ड इण्डिया फाउण्डेशन के सहयोग से चाइल्ड लाइन सेवा 1098 चमोली जिले में 2013 से संचालित की जा रही है। जिसका उद्देश्य 0 से 18 वर्ष के बच्चों को आपातकालीन स्थिति मे सुरक्षा सहयोग एवं संरक्षण प्रदान करना है। जिसमें ऐसे बच्चे जो शोषण, दुर्व्यवहार, बाल मजदूरी, यौन – शोषण, से ग्रसित बच्चे, आवश्यकता वाले अनाथ, गरीब एवं बेसहारा, विकलांग लापता आदि प्रकार के बच्चों को सहयोग प्रदान करना है। चाइल्ड लाइन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए तथा समाज मे बच्चों की सुरक्षा से सम्बधित मुद्दों पर लोगों की समझ विकसित करने के लिए चाइल्ड लाइन के द्वारा चमोली जिले के दशोली, नारायणबगड़, कर्णप्रयाग, पोखरी, देवाल, गैरसैंण, जोशीमठ, थराली तथा घाट ब्लॉकों के विभिन्न गांवो मे आउटरीच तथा जागरूकता बैठकों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाये गये। जिसमे समुदाय के बीच जाकर बैठक के माध्यम से तथा व्यक्तिगत संपर्क, पर्चे पम्पलेट के माध्यम से चाइल्ड लाइन के प्रति समुदाय को जागरूक करने का प्रयास किया गया तथा बच्चों की सुरक्षा के प्रति समुदाय की भागीदारी को सुनिश्चित किया गया साथ ही बच्चों से संबन्धित विभिन्न समस्याओं को चाइल्ड लाइन टीम के द्वारा बैठकों में रखा गया जैसे नशीले पदार्थों के सेवन का दुष्प्रभाव, शिक्षा का अधिकार बाल अधिकारों की जानकारी, बाल विवाह के परिणाम, लैंगिक अपराध आदि। जागरूकता बैठकों का आयोजन शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों मे किया गया जिसमे चाइल्ड लाइन सदस्यों के द्वारा समुदाय के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गयी।

## चाइल्ड लाइन सेवा 1098 का उददेश्य



- चाइल्ड लाइन सेवा 1098 के प्रति लोगों को जागरूक करना
- बच्चों की सुरक्षा से सम्बन्धित मुद्दों पर समुदाय की समझ विकसित करना जिससे सुरक्षा चाहने एवं आवश्यकता वाले बच्चों की मदद हो सके
- समुदाय को समेकित बाल सुरक्षा कार्यक्रम की जानकारी देना
- गाँवों मे बच्चों की सुरक्षा से संबधित मुद्दों को चिन्हित करना
- बाल सुरक्षा से संबधित विभिन्न कानूनों, एवं प्रावधानों पर समुदाय का दृष्टिकोण निर्माण
- गाँवों में बाल समूह एवं किशोर समूह का गठन
- महिला पुरूष समूह के साथ नियमित बैठकें
- बच्चों से संबधित विभागों मे बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए पहल करना तथा

बच्चों की सुरक्षा  एवं सहयोग मे संबधित विभागों की भागादारी को सुनिश्चित करवाना

- पंचायत प्रतिनिधियों एवं गांव के सामाजिक लोगों से नियमित रूप से संपर्क स्थापित करना
- आउटरीच के माध्यम से लोगों से व्यक्तिगत संपर्क करना तथा 1098 के प्रति लोगों को जागरूक करना
- फोन टेस्टिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक करना।

## आउटरीच / जागरूकता बैठकें

जिला चमोली के सभी 09 विकासखण्डों में चाइल्ड लाइन सेवा 1098 के तहत जागरूकता बैठकों का आयोजन किया गया जिसमें समेकित बाल सुरक्षा कार्यक्रम, प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा, समेकित बाल विकास कार्यक्रम, बाल मजदूरी, महिला हिंसा, बाल अधिकार, मानव अधिकार, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड, स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट की भूमिका एवं जिम्मेदारी आदि की विस्तृत जानकारी समुदाय को दी गयी।







वर्ष में समुदाय के साथ 53 बैठकों का आयोजन किया गया जिसमें 1595 सदस्यों  द्वारा भागीदारी की गयी। 99 बैठकों का आयोजन बच्चों के साथ जिसमें 1742 बच्चों द्वारा सहभागिता की गयी। तथा 15 बैठकों का आयोजन आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, आशा कार्यकर्ती, स्वयं सेवी संगठनों तथा पंचायत प्रतिनिधियों के सदस्यों के साथ आयोजित की गयी जिसमें 295 सदस्यो द्वारा प्रतिभागिता की गयी।

चाइल्ड लाइन सेवा के तहत गावं, स्कूल, बस स्टॉप, पंचायत भवनों में कूल 204 आउटरीच की गयी जिसमें कुल 1815 सदस्यों के साथ व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से सम्पर्क कर 1098 सेवा के प्रति जागरूक किया गया।

## ओपन हाउस कार्यक्रम

चाइल्ड लाइन सेवा 1098 के तहत बाल एवं किशोर समूहों  के साथ गांवों एवं स्कलों में 16 ओपन हाउस का आयेजन किया गया जिसका उददेश्य बच्चों में पनप रही झिझक, डर, को दूर करना है। बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास, ज्ञान एवं जानकारी का संचार, संगठनात्मक भावना का विकास, आत्म विश्वास में बृद्वि, सोच एवं नजरिये में सकारात्मक बदलाव शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु ओपन हाउस का आयेजन किया जाता है अभी तक चाइल्ड लाइन के तहत इस वर्ष 25 बाल एवं किशोर समूहों का गठन किया गया जिसमें ओपन हाउस के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामान्य ज्ञान, नुक्कड़ नाटक, भाषण, पेंन्टिंग, निबन्ध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है । जिसके माध्यम से बच्चों में ऐसे माहौल एवं वातावरण तैयार किया जाता है कि बच्चा अपनी समस्या को बेझिझक होकर कह देता है जिसके समाधान हेतु चाइल्ड लाइन सदस्यों के द्वारा बच्चे की समस्या को स्वयं एवं सम्बन्धित विभागों के माध्यम से समाधान किया जाता है।



## फोन टेस्टिंग

जिला चमोली के सभी 09 विकासखण्डों में फोन टेस्टिंग के माध्यम से समुदाय को 1098 की जानकारी दी गयी तथा 1098 सेवा के सुचारू रूप से क्रियान्वित होने का परीक्षण किया गया जिससे लोगों में 1098 सेवा के प्रति विश्वास बढ़ता है और इसके प्रयोग से बच्चों के सुरक्षा के मुददे को चिन्हित करने एवं उसके समाधान हेतु प्रेरित किया जाता है।

अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक चाइल्ड लाइन सेवा 1098 के माध्यम से विभिन्न टेलीकॉम सेवा प्रदाता के नम्बरों से 1328 फोन टेस्टिंग की गयी जिसमें से 617 कॉल कनेक्ट तथा 711 कॉल कनेक्ट नहीं हुई।







केसों का विवरण अप्रैल 2015 से मार्च 2016

| क्र0सं0 | दिनॉक | केस आई0डी0 सं0 | बच्चे का नाम | उम्र | लिंग | पिता / माता का नाम | पता | केस विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8/4/15 | cha/827 | अंकित | 8 | बालक | श्री दलीप लाल | मुर्गी फार्म बंज्याणी गोपेष्वर | आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण स्कूल नही जा पा रहा है। |
| 2 | 8/4/15 | cha/828 | उमेष | 10 | बालक | श्री दलीप लाल | मुर्गी फार्म बंज्याणी गोपेष्वर | आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण स्कूल नही जा पा रहा है। |
| 3 | 8/4/15 | cha/829 | कु0 लक्ष्मी | 9 | बलिका | श्री अनिल लाल | मुर्गी फार्म बंज्याणी गोपेष्वर | आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण स्कूल नही जा पा रहा है। |
| 4 | 8/4/15 | cha/831 | कु0 अमीशा | 7 | बलिका | श्री अनिल लाल | मुर्गी फार्म बंज्याणी गोपेष्वर | आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण स्कूल नही जा पा रहा है। |
| 5 | 9/4/15 | cha/1002 | राहुल कुमार | 14 | बालक | पुश्कर लाल | ग्राम उर्गम | विकलांग |
| 6 | 10/4/15 | cham/1112 | आर्यन | 7 | बालक | श्री गौतम | उर्गम तल्ला बडगिरा पो0ओ0 उर्गम | विकलांग |
| 7 | 13/4/15 | DHER/1103 | अस्तवीर | 11 | बालक | षिव बहादुर | नेपाल | लापता ( अन्य |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बहादुर | | | | | द्वारा रेफर) |
| 8 | 16/4/15 | cha/1684 | परमजीत | 14 | बालक | सोवती देवी | ग्राम भंज्यूरो पो0ओ0 तपोवन जोषीमठ | आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण स्कूल नही जा पा रहा है। |
| 9 | 19/5/15 | CHAM/6168 | बलवन्त सिंह | 17 | बालक | आलम सिंह | फरकण्डे गैरसैण | मानसिक विकलांग |
| 10 | 12/5/15 | cha/6527 | सुमित सिंह | 10 | बालक | जयपाल सिंह | ग्राम गंगोल गॉव पों0 देवलधार | पढ़ायी में मन नही लगता |
| 11 | 14/5/15 | cha/6773 | अंकित | 8 | बालक | चन्द्रमोहन | ग्राम पीपलखाना पो0 टंगसा गोपेष्वर | विकलांग |
| 12 | 20/5/15 | cha/7363 | सुबोध | 12 | बालक | पुश्कर लाल | ग्राम दादरा पो0ओ0 नन्दप्रयाग | हमेषा खाँसी रहती है |
| 13 | 21/5/15 | cha/7486 | आषीश नौटियाल | 14 | बालक | श्री राम प्रसाद | ग्राम मटई बैरासकुण्ड पो0ओ0 मटई | 21 मई से लापता है |
| 14 | 28/5/15 | cha/8164 | मोहित | 17 | बालक | श्री रामेष्वर | ग्राम फरकेत पो0ओ0 नन्दप्रयाग | लगातार दो बार फेल होने के कारण स्कूल में दाखिला नही मिल पा रहा है। |
| 15 | 10/6/15 | cha/9432 | सतीष सिंह | 17 | बालक | पुश्कर सिंह | ग्राम माख मल्ला पो0 घाट नन्दप्रयाग | बालश्रम |
| 16 | 16/6/15 | cha/10179 | षैलेन्द्र सिंह | 18 | बालक | पुश्कर सिंह | ग्राम ढाक कुण्डी जोषीमठ | कान मे परेषानी |
| 17 | 27/6/15 | cha/11287 | दिलवर सिंह नेगी | 14 | बालक | कुषाल सिंह | ग्राम अन्दरपा पो0 कूलागाड़ गैरसैण | बच्चे के साथ मारपीट |
| 18 | 8/7/15 | cha/12824 | कु0 सुशमा | 16 | बलिका | स्व0 श्री रघुवीर सिंह | ग्राम देवलधार पो0 ग्वाड़ गोपेष्वर | विकलांग |
| 19 | 9/7/15 | cha/13039 | राम यादव | 15 | बालक | पप्पू यादव | चमोली (अस्थाई) | लापता |
| 20 | 11/7/15 | cha/13288 | अंकित | 10 | बालक | मुकेष लाल | ग्राम मैठाणा पो0 मैठाणा चमोली | मस्तिश्क का कैंसर |
| 21 | 11/7/15 | cha/13300 | सुभाश | 17 | बालक | बीरेन्द्र लाल | ग्राम क्यार्की पो0ओ0 देवलधार चमोली | आर्थिक स्तिथि ठीक न होने के कारण स्कूल नही जा पा रहा है। |
| 22 | 11/7/15 | cha/13302 | जयचंद | 17 | बालक | धर्मू लाल | ग्राम देवलधार पो0ओ0 देवलधार चमोली | 10वीं मे फेल हो जाने के कारण स्कूल नही जाने दिया गया। |
| 23 | 12/7/15 | cha/13479 | साक्षी | 4 | बलिका | जीतेन्द्र | ग्राम देवर खडोरा जिला चमोली | विकलांग |
| 24 | 15/7/15 | cha/13810 | कु0 रूचि | 16 | बलिका | दलीप सिह | ग्राम काणा पो0ओ0 मैकोट चमोली | मानसिक विकलांग |
| 25 | 15/7/15 | cha/13811 | कु0 विजया | 14 | बलिका | दलीप सिंह | ग्राम काणा पो0ओ0 मैकोट चमोली | मानसिक विकलांग |
| 26 | 16/7/15 | cha/14086 | नीरज रावत | 18 | बालक | उदय सिंह | ग्राम सेम पो0ओ0 त्रिषूला जिला चमोली | बालश्रम |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | 23/7/15 | cha/15294 | कु0 मीरा | 9 | बलिका | षिषुपाल | ग्राम मासौ पो0ओ0 नन्दप्रयाग | विकलांग |
| 28 | 11/7/15 | cha/13478 | कु0 लता | 10 | बलिका | बलवीर लाल | ग्राम बैना बस्ती पो0ओ0 खडोरा चमोली | विकलांग |
| 29 | 4/9/15 | cha/21514 | मुकेष कुमार | 11 | बालक | गीता लाल | ग्राम कुजाऊ पों0ओ0 मैकोट चमोली | विकलांग स्कूल भेजा गया। |
| 30 | 5/9/15 | cha/21630 | तृप्ति | 14 | बलिका | कीर्ति लाल | विकास नगर घाट | लडके द्वारा छेडखानी की जाती है |
| 31 | 7/9/15 | cha/21870 | सोनम | 3 | बालक | गब्बर लाल | लखनऊ उत्तर प्रदेष | परिवार के द्वारा बच्चे के साथ मारपीट की जाती है। |
| 32 | 9/9/15 | cha/22046 | षिवानी | 6 माह | बलिका | अनिल लाल | वार्ड न0 9 रविग्राम जोषीमठ चमोली | चेस्ट पर एक लाल रंग का निषान |
| 33 | 11/9/15 | cha/22340 | हरक बहादुर | 15 | बालक | मन बहादुर | नेपाल | लापता |
| 34 | 15/9/15 | cha/22721 | मीनाक्षी | $1\frac{1}{2}$ | बलिका | नरेष कुमार | ग्राम हंसीकोड पो0 बसीन | आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा बच्चो के साथ मारपीट |
| 35 | 3/10/15 | 24751 | अरविन्द | 12 | बालक | स्व0 वीरेन्द्र लाल | ग्राम छिनका पो0ओ0 छिनका चमोली | अनाथ |
| 36 | 3/10/15 | cha/24753 | रचना | 21 | बलिका | किषोरी लाल | ग्राम छिनका पो0ओ0 छिनका चमोली | विकलांग |
| 37 | 3/10/15 | cha/24752 | चंदप्रकाश | 17 | बालक | वीरेन्द्र लाल | ग्राम छिनका पो0ओ0 छिनका | अनाथ |
| 38 | 5/10/15 | cha/24912 | सूरज | 10 | बालक | कुन्दन लाल | ग्राम पाडुली पो0 गोपेष्वर चमोली | परिवार के द्वारा छोडा गया है। |
| 39 | 7/11/15 | cha/28632 | जयवीर सिंह | 11 | बालक | श्री डब्बल सिंह | ग्राम मचखोला ( भागड़ा ) पो0 बरतोली | लापता |
| 40 | 17/11/15 | cha/29706 | प्रकाष सिंह | 15 | बालक | श्री सदन सिंह बिश्ट | ग्राम ढमढमा पो0 बरतोली | लापता |
| 41 | 19/11/15 | cha/29998 | कु0 किरन | 13 | बलिका | | ग्राम गंडासू पो0 थिरपाक जिला चमोली | मारपीट एवं गाली गलौज |
| 42 | 28/11/15 | cha/31042 | जयप्रकाष | 12 | बालक | श्री जसराम | ग्रम जौरासी पो0 जौरासी जिला चमोली | लापता |
| 43 | 05/12/15 | cha/32012 | सुमन | 12 | बालक | श्री त्रिलोक बहादुर | नेपाल | छोड़ा हुआ |
| 44 | 08/12/15 | cha/32431 | अजय कुमार | 16 | बालक | स्व0 रामलाल | ग्राम छिनका पो0 छिनका चमोली | गाली , मारपीट |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | 09/12/15 | cha/32755 | कु0 डॉली | 10 | बालिका | राकेष लाल | ग्रम गंगोल गांव | विकलांग |
| 46 | 16/12/15 | cha/33522 | लक्ष्मण | 14 | बालक | राम बहादुर | नेपाल | बाल श्रमिक |
| 47 | 18/12/15 | cha/33814 | रविन्द्र | 14 | बालक | नन्द बहादुर | नेपाल | बाल श्रमिक |
| 48 | 12/01/16 | cha/37233 | सुश्मिता | 14 | बालिका | प्रदीप मेहता | ग्राम गोविन्दघाट जोषीमठ | कुपोशण |
| 49 | 21/01/16 | cha/38617 | नीरज | 15 | बालक | स्व0 हयात सिंह | ग्राम थैग जोषीमठ | बाल मजदूर |
| 50 | 21/01/16 | cha/38619 | मोनू | 15 | बालक | हेमन्त सिंह | ग्राम थैंग जोषीमठ | बाल मजदूर |
| 51 | 26/01/16 | cha/39506 | सूरज | 14 | बालक | प्रताप राम | ग्राम बछेर सोनला चमोली | मारपीट |
| 52 | 26/01/16 | cha/39510 | फयाज हुसैन | 10 | पुरूष | नासिर हुसैन | नजीमाबाद उत्तरप्रदेश | बाल मजदूर |
| 53 | 26/01/16 | cha/39509 | राजीव | 10 | पुरूष | वीरभद्र शाही | नेपाल | बाल मजदूर |
| 54 | 26/01/16 | cha39543 | अर्जन | 10 | पुरूष | मोहन लाल | ग्राम पठियालधार गोपेश्वर चमोली | स्कूल न जाने वाला |
| 55 | 27/01/16 | cha/39739 | करन बहादुर | 15 | पुरूष | तेजबहादुर | नेपाल | बाल मजदूर |
| 56 | 27/01/16 | cha/39607 | भारती | 05 | बालिका | दीपक | नेपाल | स्कूल नामांकन में सहायता |
| 57 | 27/01/16 | cha/39609 | जमुना | 04 | बालिका | दीपक | नेपाल | स्कूल नामांकन में सहायता |
| 58 | 27/01/16 | cha/39605 | उपेंन्द्र | 05 | बालक | राजू | नेपाल | स्कूल नामांकन में सहायता |
| 59 | 27/01/16 | cha/39604 | विमला | 04 | बालिका | राजू | नेपाल | स्कूल नामांकन में सहायता |
| 60 | 28/01/16 | cha/39803 | अंकित भारती | 16 | बालक | श्री त्रिलोक भारती | ग्राम बछेर पो0 बछेर चमोली | बाल मजदूर |
| 61 | 02/02/16 | cha/40589 | मनीष | 15 | बालक | श्री मोहन लाल | ग्राम पाडुली गोपेश्वर चमोली | नशीले पदार्थों का सेवन |
| 62 | 02/02/16 | cha/40608 | प्रेम बहादुर | 14 | बालक | धर्म बहादुर | नेपाल | बाल मजदूर |
| 63 | 02/02/16 | cha/40788 | दीपक कुमार | 15 | बालक | श्री मोहन लाल | ग्राम पाडुली गोपेश्वर चमोली | स्कूल न जाने वाला |
| 64 | 03/02/16 | cha/40882 | विशाल | 10 | बालक | तुल बहादुर | नेपाल | बाल मजदूर |
| 65 | 03/02/16 | cha/40880 | अखिलेश | 13 | बालक | श्री दयाल लाल | ग्राम कुजाउं मैकोट चमोली | मेडिकल सहायता |
| 66 | 19/02/16 | cha/43645 | कु0 वन्दना | 16 | बालिका | श्री इश्वर सिंह | ग्राम चाका पो0 सेमा नन्दप्रयाग | आर्थिक सहायता |
| 67 | 19/02/16 | cha/ 43646 | प्रशान्त | 13 | बालक | श्री ईश्वर सिंह | ग्राम चाका पो0 सेमा नन्दप्रयाग | आर्थिक सहायता |
| 68 | 19/02/16 | cha/ 43647 | पियुष | 10 | बालक | श्री ईश्वर सिंह | ग्राम चाका पों0 सेमा नन्दप्रयाग | आर्थिक सहायता |
| 69 | 23/02/16 | cha/ 44298 | धीरेन्द्र बहादुर | 14 | बालक | | नेपाल | बाल मजदूर |
| 70 | 23/02/16 | cha/ 44299 | मन बहादुर | 14 | बालक | श्री त्रिलोक सिंह | नेपाल | बाल मजदूर |
| 71 | 23/02/16 | cha/ 44316 | मनवर सिंह | 14 | बालक | श्री जमन सिंह | टिहरी | बाल मजदूर |
| 72 | 23/02/16 | cha/ 44418 | बल बहादुर | 15 | बालक | लाल बहादुर | ग्राम रौगिन जिला बाजुरा नेपाल | बाल मजदूर |
| 73 | 24/02/16 | cha/ 44336 | विपिन | 15 | बालक | श्री राकेश लाल | बसुकेदार जिला रूद्रप्रयाग | नशीले पदार्थो का सेवन |
| 74 | 24/02/16 | cha/ 44339 | समीर | 9 | बालक | श्री बंशीकांत | गैरपुल पो0 टंगसा | विकलांग |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | गोपेश्वर | |
| 75 | 24/02/16 | cha/ 44354 | प्रियंका | 5 | बालिका | श्री भरत सिंह | ग्राम सिरो पो0 चमोली | कान का उपकरण चाहने के लिए |
| 76 | 28/02/16 | cha/ 44971 | अखिलेश | 16 | बालक | स्व0 पुष्कर सिंह | ग्राम मजोठी पो0 लस्यारी | ईलाज हेतु आर्थिक सहायता |
| 77 | 01/03/16 | cha/ 45335 | हिमांशु | 8 | बालक | श्री बलवीर सिंह | ग्राम कुजौ मैकोट | कान की मशीन चाहने हेतु |
| 78 | 09/03/16 | cha/ 46864 | शान्ति | 7 | बालिका | श्री करन सिंह | जिला बहराइच उत्तर प्रदेश | भीख मॉगना |
| 79 | 10/03/16 | cha/ 46914 | कु0 सुषमा | 9 | बालिका | श्री प्रेम सिंह | जिला बहराइच उत्तर प्रदेश | भीख मॉगना |
| 80 | 14/03/16 | cha/47534 | प्रवीन कुमार | 15 | बालक | रमेश लाल | ग्राम भदाकोटी पो0 बैरागना चमोली | परिवार द्वारा उत्पीड़न |
| 81 | 17/03/16 | cha/48048 | अवन्तिका | 05 | बालिका | विनोद राज | ग्रम देवलधार पो0 ग्वाड़ गोपेश्वर चमोली | लापता |
| 82 | 18/03/16 | cha/48148 | दीपक | 14 | बालक | प्रेम बहादुर | नेपाल वाया जोशीमठ | बाल मजदूर |


एक फोन से फिर खिलखिलाई 'जिंदगी'


6 | दैनिक जागरण

बच्चों का शोषण रोकने को आगे आने की जरूरत


सहारा

शोषण से निजात दिलाकर ही बच्चों का भविष्य सुरक्षित


दैनिक जागरण | 15

छात्रों को दी चाइल्ड सेवा की जानकारी

4 | सहारा

बच्चों में रचनात्मक सोच विकसित करने की जरूरत

## *मध्य हिमालयी पशुधन पहल परियोजना एवं समेकित सूक्ष्म वित्त परियोजना*

हिमोत्थान सोसाइटी देहरादून एवं टाटा ट्रस्ट मुम्बई के सहयोग से जनपद चमोली के कर्णप्रयाग ब्लाक के 50 गांवों में मध्य हिमालयी पशुधन पहल परियोजना एवं समेकित सूक्ष्म वित्त परियोजना का शुभारम्भ किया किया गया है जिसके मुख्य उददेश्य निम्न प्रकार हैं।

- स्थानीय संसाधनों पर आधारित आजीविका संबन्धित गतिविधियों में तकनीकी सहयोग कर स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों को प्रदान करना करना।
- महिलाओं में कार्यबोक्ष की कमी लाने के लिए सामुदायिक एवं व्यक्तिगत भूमि में चारा विकास को बढावा देना।
- स्थानीय स्तर पर पशुओं में दुग्ध उत्पादन क्षमता बढाने के लिए पशुओं के रखरखाव, स्वास्थय एवं उन्नत प्रकार की चारा प्रजातिया कें उपयोंग के लिए समुदाय को प्रोत्साहित करना।
- स्वयं सहायता समूहों, ग्राम स्तरीय संगठनों एवं सहकारिता के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उधमों की स्थापना कर उघमों का विस्तार करना।
- उघमों के प्रबन्धन एवं निरन्तरता के लिए चिन्हित समूह सदस्यों का शिक्षण –प्रशिक्षणों के माध्यम से क्षमता विकास कर उनकी मासिक एवं वार्षिक आय मे वृद्वि सुनिश्चित करना।
- ग्रामीण गरीब परिवारों की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए उनकी सश्क्त एवं स्थायी संस्था बनाकर लाभदायक स्वरोजगार वाले रोजगार के अवसर प्राप्त कराने में समर्थ बनाना जिससे उनकी गरीबी कम हो और उनकी जीवनशैली में उल्लेखनीय सुधार के लिए निरन्तर कार्य करना।
- ग्राम स्तर पर स्वयं सहायता समूहो, ग्राम स्तरीय संगठनों, कलस्टर स्तरीय संगटनों का गठन, दस्तावेजीकरण, वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली बैक लिंकेज, सूक्ष्म वित्त योजना पर क्षमता विकास करना। साथ ही सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों एवं ग्राम स्तरीय संगठनों का गठन कर ग्रामीणों की आजीविका संर्वधन कर मिशन को प्रभावी बनान







कर्णप्रयाग ब्लॉक के 50 गांवों में माह अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक किये गये कार्यक्रमो एवं परिणामों की प्रगति रिर्पोट निम्न प्रकार है।

**<u>01 सामुदायिक एवं निजी भूमि पर चारा विकास हेतु पौधशाला निर्माण</u>** : मध्य हिमालयी पशुधन पहल परियोजना के अर्न्तगत मातृ नर्सरी निमार्ण हेतू हिमाद शिक्षा प्रसार एवं प्रशिक्षण केन्द्र में 16 हैक्टेयर भूमि पर भूमि सुधार का कार्य किया गया भूमि सुधार के पश्चात पौध एवं घास रोपण के लिए क्यारियों का निर्माण कर 6250 चारा प्रजाति क घास का रोपण, 5000 चारा प्रजाति के पौधों का रोपण एवं 10000 चारा पौधों के बीजों का रोपण एवं बुवाई कि गयी

**<u>02 निजी भूमि पर चारा फसलों एवं चारा घास का बढ़ावा देना</u>** : परियोजना के अर्न्तगत 6.8 हैक्टेयर व्यक्तिगत भूमि पर चारा फसल एवं चारा घासों का रोपण समुदाय के माध्यम से किया गया जिसमें 01 हैक्टेयर भूमि पर चारा फसलों की बुवाई एवं 5.8 हैक्टेयर भूमि पर चारा घासों का रोपण किया गया जिससे निजी भूमि पर कुल 270 क्विंटल घास का उत्पादन हुआ जिसे समुदाय द्वारा उपयोग में लाया गया।

**<u>03 सामुदायिक भूमि पर चारा विकास को बढ़ावा देना</u>** : परियोजना के अर्न्तगत ग्राम थिरपाक, तेफना, बेडाणू, उत्तरों, कालेष्वर में 12 है0 सामुदायिक भूमि पर केन्द्राभिसरण/युगपतिकरण के अर्न्तगत मनरेगा एवं संस्था अंश से 05 प्लॉटों में चारा विकास का कार्य किया गया साथ ही परियोजना के अंश से ग्राम लाटूगैर, खडगोली के 04 है0

पुराने चारा प्लॉट में गेप फिलिंग का कार्य किया गया इसके साथ ही कर्णप्रयाग ब्लॉक के कालेश्वर ग्राम में हरेला महोत्सव के अन्तर्गत जिलाधिकारी चमोली कि उपस्थिति में वृहद वृक्षा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें चारा विकास प्लॉट में 1500 घास प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया जिससे 16 है0 सामुदायिक भूमि पर कुल 1715 कुन्तल प्राकृतिक घास एवं 1810 कुन्तल रोपित घास का उत्पादन कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उपयोग में लाया गया। 05 चारा प्लॉटों में केन्द्राभिसरण/युगपतिकरण के अन्तर्गत संस्थाद अंश के 15 प्रतिशत धनराशि का पूर्ण भुगतान किया गया एवं संस्था द्वारा दिये गये 15 प्रतिशत धनराशि का वित्तीय प्रमाण पत्र एवं दस्तावेजीकरण का कार्य पूर्ण किया गया।








**<u>04 गौशााला सुधारी करण एवं उन्नत नश्ल की गाय कय करना</u>** : परियोजना के अन्तर्गत केन्द्राभिसरण/युगपतिकरण के अन्तर्गत मनरेगा योजना से कार्यक्षेत्र में .08 गौशाला सुधारीकरण का कार्य किया गया तथा गौशाला सुधारीकरण के पश्चात सूक्ष्म वित से 05 लाभार्थीयों द्वारा उन्नत नश्ल कि गाय क्रय कि गयी तथा लाभार्थीयों द्वारा परियोजना द्वारा गठित एकता स्वायत्त सहकारिता डेरी में दुग्ध विपणन किया जा रहा है।








**<u>05 उन्नत नश्ल की बकरी कय करना</u>** : ग्राम सोनला के 4 लाभार्थियों उन्नत नश्ल की बकरी खरीद हेतु संस्था अंश से 10000.00 रू0 प्रति लाभार्थी को प्रदान की गयी तथा 04 लाभार्थीयों द्वारा 20 उन्नत नश्ल की बकरी कय की गयी।

**<u>06 मुर्गी पालन एवं मुर्गी आश्रय स्थल निर्माण</u>** : परियोजना के अन्तर्गत केन्द्राभिसरण/युगपतिकरण के अन्तर्गत मनरेगा योजना से कार्यक्षेत्र के ग्राम सभा मंगरोली में 02 लाभार्थियों व तेफना में 01 लाभार्थी द्वारा मुर्गी आश्रय स्थल का कार्य पूर्ण किया गया है इसके साथ ही ग्राम सभा मंगरोली में एक लाभार्थी का संस्था अंश एवं मनरेगा द्वारा मदर यूनिट की स्थापना गई तथा मदर यूनिट हेतु 500 चुजे पशुपालन विभाग से क्रय किये गये। वर्तमान समय में मदर यूनिट से 200 चूजे अन्य लाभार्थीयों द्वारा खरीदे गए। अन्य काश्तकारों /लाभार्थीयों द्वारा भी मूर्गी पालन हेतू मांग की जा रही है।

**<u>07 चैपकटर क्रय</u>** : परियोजना के अन्तर्गत कार्यक्षेत्र में 09 चैपकटर कृषि विभाग से क्रय कर लाभार्थियों को वितरित किये गये हैं।

**<u>08 पशु स्वास्थ्य कैम्प व नस्ल सुधार</u> :** ग्राम सभा थिरपाक एवं ग्राम लंगासू में एक –एक पशु स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन जिसमें 95 लाभार्थियों ने भाग लिया तथा शिविर में 10 पशुओं का टीका करण एवं 40 पशुओं का उपचार/दवाइयों का वितरण किया गया इसके साथ ही परियोजना के अर्न्तगत कार्यरत पैरावेट द्वारा कार्यक्षेत्र में 465 गायों व 292 भैंसो का कृत्रिम गर्भादान किया गया है।







**<u>09 गैर कृषि उत्पाद एवं सेवाओं को बढावा देना</u>** : कार्यक्षेत्र के अर्न्तगत 30 किग्रा लहसून 30 लाभार्थियों को व 150 किग्रा अदरक 180 लाभार्थियों का वितरित किया गया।साथ ही 150 लाभार्थियों को सब्जी ( लौकी, कदद्, मूली, खीरा, भिन्डी, फरासबीन, बैंगन आदि) का बीज वितरित किया गया।

**<u>लघु उधम सी.एफ.सी. की स्थापना</u>** : कार्यक्षेत्र के अर्न्तगत नन्दप्रयाग बाजार में 19 दिसम्बर 2015 को समुदाय सुविधा. केन्द्र की स्थापना की गई। केन्द्र से प्लास्टिक के सामान –बाल्टी, घड़े, टब, जग, मिल्क कैन, गमले एवं कृषि यन्त्र – दरांती, कुदाल, फावड़े, हल, दनाले आदि का विक्रय किया गया।

**09 पशुधन प्रबन्धन पर आधारित उदयमों पर तकनीकी प्रशिक्षण** : परियोजना के अर्न्तगत 72 लाभार्थियों को पशुपालन प्रबन्धन पर प्रशिक्षण दिया गया जिसमें मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अधिकारी श्री लोकेश कुमार द्वारा पशुपालकों को बताया गया कि पशुओं को संतुलित भोजन देने से ही अधिकाधिक दुग्ध उत्पादन संभव हैं साथ ही पशुपालन प्रबंधन की तकनीकों की जानकारी देते हुए पशुपालकों को पशुओं में होने वाले रोगों के कारण ,प्रकार और संक्रामक रोगों की भी जानकारी दी।










**10 कृषि उत्पादन एवं विपणन पर तकनीकी प्रशिक्षण** : परियोजना के अर्न्तगत 68 लाभार्थियों जिसमे 24 पुरूष एवं 44 स्वयं सहायता समूह महिलाएं को कृषि उत्पादन एवं विपणन पर तकनीकी प्रशिक्षण हिमाद शिक्षा प्रसार एवं प्रशिक्षण केन्द्र एवं न्याय पंचायत सोनला में दी गयी।

# समेकित सूक्ष्म वित्त परियोजना

| कम सं0 | गतिविधि का नाम | उपलब्धि |
|---|---|---|
| 01 | कुल गठित समूहों की सं0 | 105 |
| 02 | कुल नये समूहों की सं0 | 61 |
| 03 | पुर्नजीवित समूहों की कुल सं0 | 44 |
| 04 | राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका से जुडे समूहों की सं0 | 105 |
| 05 | समूह सदस्यों की कुल सं0 | 690 |
| 06 | कियाशील समूहों की कुल सं0 | 105 |
| 07 | बैंक खाते वाले समूहों की कुल सं0 | 96 |
| 08 | समूहों की कुल बचत | 5193706.00 रू0 |
| 09 | नियमित बचत वाले समूहों की सं0 | 105 |
| 10 | नियमित आन्तिरिक ऋण वाले समूहों की सं0 | 101 |
| 11 | नियमित वित्तीय दस्तावेजी करण वाले समूहों की सं0 | 105 |
| 12 | कुल लिया गया आन्तिरिक ऋण | 1156900.00 रू0 |
| 13 | आन्तिरिक के सापेक्ष ऋण वापसी | 767620.00 रू0 |
| 14 | स्थापित सहकारिताओं की कुल सं0 | 01 |
| 15 | सहकारिता की कुल बचत | 4569.00 रू0 |
| 16 | ऋण के लिए बैंक से जुडे समूहों की सं0 | 21 |
| 17 | सहकारिता द्वारा प्राप्त रिवॉलविंग फण्ड | 1500000.00 रू0 |
| 18 | बैको से समूहों को प्राप्त कुल ऋण | 1100000.00 रू0 |
| 19 | वित्तीय प्रबंधन प्रणाली पर सहकारिता एवं समूहों का तकनीकी प्रशिक्षण | 04 |
| 20 | सहकारिता एवं समूहों का संस्थान निर्माण पर कौशल वृधि कार्यकम | 03 |
| 21 | सहकारिता की आम सभा बैठक | 01 |



4 | सहारा

देहरादून। रविवार • 13 मार्च • 2016

## कार्यशाला में पशुपालकों को दी जानकारी

- स्वयं सहायता समूहों की कार्यशाला
- पशुओं को स्वस्थ रख कर ही अधिकाधिक दुग्ध उत्पादन संभव

गोपेश्वर (एसएनबी)। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. लोकेश कुमार ने कहा है कि पशुओं को संतुलित भोजन देकर स्वस्थ रखने से ही अधिकाधिक दुग्ध उत्पादन संभव है।

नगर पंचायत सभागार नंदप्रयाग में मध्य हिमालयी पशुधन पहल योजना के तहत हिमाद, हिमोत्थान एवं टाटा ट्रस्ट के सहयोग से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों से जुड़े पशुपालकों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया

पशुओं की स्वस्थता से ही दुग्ध उत्पादन की संभावनाओं को बल मिलेगा और इससे ही आयसर्जक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने पशु प्रबंधन की तकनीकों की जानकारी देते हुए पशुपालकों को पशुओं में होने वाले रोगों के कारण,प्रकार और संक्रामक रोगों की भी जानकारी दी। हिमोत्थान सोसायटी के समन्वयक दिवाकर पुरोहित ने कहा कि मिशन के तहत कर्णप्रयाग प्रखंड को सघन प्रखंड में शामिल किया गया है। हिमाद के सचिव उमाशंकर विष्ट ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि ग्रामीण गरीब परिवारों को सशक्त बनाने के लिए यह योजना संचालित हो रही है।

मिशन प्रबंधक प्रशांत सूरी ने कहा कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्राम स्तरीय संगठनों के दस्तावेजीकरण, क्षमता विकास के लिए समय -समय पर शिक्षण -प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मिशन सहायक प्रबंधक प्रियंका डिमरी, रिकी कंडेरी, बीना तिवारी, अनीता नगवाल, कल्पना जोशी, शांति देवी, राजेश्वरी रावत, एकता स्वायत्त सहकारिता की अध्यक्ष कमला रावत, लक्ष्मी देवी, ऊषा देवी, मनोज कुंवर, विजय बुटोला, भगवती पुरोहित, प्रेम प्रकाश सती, गजेंद्र नेगी, विनीत सनवाल, कुंती देवी, सत्येश्वरी देवी, सुशीला देवी, कविता देवी, पवित्रा देवी, लीला देवी आदि थे।

गोपेश्वर : पशुधन पहल योजना की कार्यशाला में चर्चा करती महिलाएं।



देहरादून, 13 मार्च 2016 दैनिक जागरण | 9

## पशुपालन से स्वरोजगार अपनाने की दी सलाह

- सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी
- बताया कि, ग्राम स्तर पर स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है

संवाद सहयोगी, गोपेश्वर: पशुओं में अधिक दुग्ध उत्पादन के लिए यह जरूरी है कि उनका स्वास्थ्य बेहतर रहे। इसके लिए समय समय पर पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाना भी जरूरी है। यह बात मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.लोकेश कुमार ने कही।

हिमाद समिति (हिमोत्थान) व टाटा ट्रस्ट की ओर से नंदप्रयाग में आयोजित बैठक में डा.लोकेश कुमार ने कहा कि पशुपालन आज स्वरोजगार के लिए बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पशुपालन विभाग के तहत रोजगार के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। ग्रामीणों को इसका लाभ लेना चाहिए। हिमोत्थान सोसायटी के समन्वयक दिवाकर पुरोहित ने कहा कि मिशन के तहत कर्णप्रयाग विकासखंड को सघन ... तहत सभी ग्राम स्तर पर स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को सरकार की योजनाओं से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार दिया गया है। समिति के सचिव उमाशंकर बिष्ट ने कहा कि ग्रामीण गरीब परिवारों की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए उनकी सशक्त एवं स्थाई संस्था बनाकर लाभदायक स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने में समर्थ बनाता है। मिशन प्रबंधक प्रशांत पुरी ने कहा कि सरकार की ओर से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्राम स्तरीय संगठनों का दस्तावेजीकरण, क्षमता विकास के लिए समय- समय पर प्रशिक्षण का आयोजन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर मिशन सहायक प्रबंधक प्रियंका डिमरी, रिंकी कंडेरी, बीना तिवारी, अनीता नगवाल, कल्पना जोशी, शांति देवी ...



देहरादून • रविवार • 13 मार्च 2016 हिन्दुस्तान

## किसानों को दी अच्छी नस्ल के पशुओं की जानकारी

गोपेश्वर | हमारे संवाददाता

**योजना**

- गोपेश्वर में पशुधन पहल योजना का हुआ शुभारंभ
- अच्छे पशुओं से सुधारी जा सकती है अपनी आर्थिक हालत

हिमाद और हिमोत्थान संस्था द्वारा नंदप्रयाग में हिमालयी आजीविका सुधार परियोजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए पशुधन पहल योजना का शुभारंभ किया गया। जिसमें किसानों को अच्छी किस्म के पशुओं को पालने की जानकारी के साथ ही उसे अपनी आर्थिकी से जोड़ने की बात भी कही गई।

नगर पंचायत सभागार नन्दप्रयाग में हिमाद, हिमोत्थान एवं टाटा ट्रस्ट के सहयोग से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों के पशुपालकों के एक दिवसीय प्रशिक्षण में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. लोकेश कुमार ने कहा कि पशुपालकों को पशुओं में होने वाले रोगों के कारणों को जानना होगा, ताकि वे समय से उनका उपचार कर सकें। हिमोत्थान सोसायटी के समन्वयक दिवाकर पुरोहित ने कहा कि मिशन के तहत कर्णप्रयाग ब्लॉक को सघन ब्लॉक में शामिल किया गया है। जिसके तहत सभी ग्राम स्तर पर स्वयं सहायता सूमहों का गठन किया है तथा स्वयं सहायता समूहों को फंड तथा ग्राम स्तरीय संगठनों को सामुदायिक निवेष निधि दी जा चुकी है। हिमाद के सचिव उमाशंकर बिष्ट ने कहा कि गरीब ग्रामीण परिवारों की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए उनकी सशक्त एवं स्थायी संस्था बनाकर लाभदायक स्वरोजगार एवं हुनरमंद मजदूरी करने वालों को रोजगार के अवसर प्राप्त करने में समर्थ बनाना है।

प्रशिक्षण में प्रियंका डिमरी, रिंकी कंडेरी, बीना तिवारी, अनीता नगवाल, कल्पना जोशी, शान्ति देवी, राजेश्वरी रावत, कमला रावत, लक्ष्मी देवी, उषा देवी, मनोज कुंवर, विजय बुटोला थे।



सहारा

बृहस्पतिवार • 3 मार्च • 2016

## महिलाओं के लिए 'चलो गांव की ओर' अभियान शुरू

- समूहों को बैंक लिंकेज कर महिलाओं को सशक्त बनाने की कवायद
- नंदप्रयाग में आयोजित शिविर में बनाई गयी सीसीएल

गोपेश्वर (एसएनबी)। महिला सशक्तीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज कर आर्थिक रूप से सशक्त करने की कवायद शुरू हो गई है।

केंद्र सरकार द्वारा 15 मार्च तक आयोजित महिला सशक्तीकरण पखवाड़े के तहत नंदप्रयाग में आयोजित स्वयं सहायता समूहों के बैंक लिंकेज शिविर में समूह सदस्यों की आर्थिक गतिविधियों के लिए आर्थिक सहायता को प्रभावी बनाए जाने पर बल दिया गया। टाटा ट्रस्ट, हिमाद, हिमोत्थान, एसबीआई, जिला सहकारी बैंक तथा ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई कर्णप्रयाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में हिमोत्थान के समन्वयक दिवाकर पुरोहित ने कहा कि चलो गांव की ओर कार्यक्रम महिलाओं के जीवन में बड़ा आर्थिक बदलाव लाने में मददगार साबित होगा। महिला दिवस पर समूहों के सदस्यों को बैंक सीसीएल की धनराशि के चेक उपलब्ध कराए जाएंगे। लीड बैंक के मुख्य प्रबंधक एमसी कक्कड़ ने कहा कि सभी बैंक स्वयं सहायता समूहों को आजीविका संवर्द्धन गतिविधियोंको बढ़ावा देने के लिए ऋण साख सीमा के माध्यम से सहयोग प्रदान करेंगे। कहा कि सभी समूहों को इस धनराशि से अपनी चयनित गतिविधियों का संचालन कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर होना होगा। इससे ही स्वयं सहायता समूह के उद्देश्यों की अवधारणा साकार हो सकेगी।

जिला सहकारी बैंक के संदर्भ व्यक्ति डीपी थपलियाल ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सभी स्वयं सहायता समूहों नियमित बचत, आंतरिक ऋण, साप्ताहिक बचत, साप्ताहिक बैठक कर अपने दस्तावेजों का रख-रखाव करना नितांत आवश्यक है। हिमाद के सचिव उमाशंकर ... मिशन महिलाओं के आर्थिक उत्थान में मील का पत्थर साबित होने जा रही है।

ग्रामीण आजीविका मिशन कर्णप्रयाग के प्रबंधक प्रशांत सूरी ने कहा कि मिशन के तहत गांव स्तर पर ग्रामस्तरीय संगठनों का गठन कर उन्हें सामुदायिक निवेश निधि, रिवाल्विंग फंड, कार्यालय की व्यवस्था कर उन्हें उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिविर में जीतू देवता स्वयं सहायता समूह, घटंग्याल जय भूमियाल स्वयं सहायता समूह, जय ... स्वयं सहायता समूह मंगरोली समूहों ... सीसीएल बनाई गई।

शिविर में मिशन की सहायक परियोजना प्रबंधक प्रियंका डिमरी, भारतीय स्टेट बैंक नंदप्रयाग के शाखा प्रबंधक सचिंद्र कुमार, भारतीय स्टेट बैंक घाट के शाखा प्रबंधक आरएस रावत, हिमाद की अध्यक्ष प्रभा रावत, भगवती पुरोहित, विनीत सनवाल, गजेंद्र नेगी, मनोज कुंवर, प्रेम प्रकाश सती, विनोद ... भागीरथी रावत, जीतू देवी, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष विनीता देवी, मीना देवी ...

## *हिमाद शिक्षा प्रसार एवं प्रशिक्षण केन्द्र हड़ाकोटी*

वर्ष 2009 स`हिमाद शिक्षा प्रसार एवं प्रशिक्षण केन्द्र की शुरूवात की गयी अक्टूबर 2010 में इस प्रशिक्षण केन्द्र को विधिवत संचालित किया गया।हिमाद शिक्षा प्रसार एवं प्रशिक्षण केन्द्र पर माह अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक विभिन्न सरकारी विभागों सामुदायिक संगठनो के साथ विभिन्न मुद्दों पर शिक्षण–प्रशिक्षणों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही हिमाद शिक्षा प्रसार एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा देश एवं विदेश के विभिन्न विधालयों के बच्चों का शैक्षिण भ्रमण एवं प्रशिक्षणो का आयोजन भी इस केन्द्र पर हुआ इसमें बच्चों कों विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गयी है। और साथ ही साथ हिमाद शिक्षा प्रसार एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा सोनाली, कण्डारा, हडाकोटी, सोनला आदि गॉवों में सरकारी एवं गैरसरकारी विधालयों एवं विभिन्न संगठनो के साथ जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है। इसके साथ ही विगत वर्ष हिमाद शिक्षा प्रसार एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा आयोजित कोर्स की जानकारी विभिन्न सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थाओ को प्रदान की गयी है।



- परिवारिक शिक्षा
- व्यक्तिगत स्वच्छता
- प्राथमिक उपचार
- जीवन जीने की कला

- जेण्डर
- कैरियर कॉउंसलिग
- बाल अधिकार
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन
- राष्ट्रीय एव ंअन्र्तराष्ट्रीय संस्कृति का आदानप्रदान



**<u>स्वयं सेवक कार्यक्रम</u>**– इस कार्यक्रम के अन्तर्गत हिमाद शिक्षा प्रसार एवं प्रशिक्षण केन्द्र में माह अप्रैल 2015 से मार्च 2016 मुख्य रूप सामाजिक कार्य करने वाले विघार्थी लिनियस विश्वविधालय स्वीडन से स्वयंसेवक के रूप में आयें। इसके साथ ही उन्होने यहॉ कि जीवन शैली व संस्कृति के साथ–साथ शिक्षास्वास्थ्य, रोजगार, आजीविका, पर्यावरण और सामाजिक आर्थिक गतिविधियों का अवलोकन भी किया है। और साथ ही साथ यहॉ कि विभिन्न शिक्षण संस्थाओ का शैक्षिण भ्रमण भी किया है।

| दिनांक | अवधि | प्रशिक्षण /कार्यशाला का नाम | प्रतिभागियों का विवरण | | | योग | वर्ग | आयोजक | आयोजक का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरूश | महिला | बच्वें | | | | |
| 03/04/15 सें 10/04/15 | 8दिन | शैक्षिणभ्रमण | 4 | 5 | 0 | 09 | विधार्थी | एलविन हाईस्कूल स्वीडन | विधालय |
| 04/05/15 सें 05/05/15 | 2दिन | सामाजिक कार्यक्ताओं का क्षमता विकास | 10 | 10 | 0 | 20 | सामाजिक कार्यक्र्ता | उधोगिनी नईदिल्ली | एन0 जी0ओ0 |
| 18/05/15 से 19/05/15 | 2दिन | सामाजिक कार्यक्ताओं का क्षमता विकास | 27 | 0 | 0 | 27 | समाजिक कार्यक्र्ता | हिमोत्थान सोसायटी देहरादून | एन0 जी0 ओ0 |
| 1/06/15 से 2/06/15 | 2दिन | शैक्षिणभ्रमण | 01 | 02 | 02 | 05 | समाजिक कार्यक्र्ता | विज्ञान फाउन्डेशन लखनऊ | एन0 जी0 ओ0 |
| 8/06/15 से 09/06/15 | 2दिन | सामाजिक कार्यक्ताओं का शैक्षिणभ्रमण | 17 | 07 | 0 | 24 | समाजिक कार्यक्र्ता | रिलांयस फाउन्डेशन रूद्रप्रयाग | एन0 जी0 ओ0 |
| 14/06/15 | 1 दिन | नेतृत्व क्षमताविकास | 23 | 17 | 0 | 40 | सामाजिक कार्यक्र्ता | नेहरू युवाकेन्द्र | सरकारीविभाग |
| 05/08/15 से 7/08/15 | 3दिन | सामाजिक कार्यक्ताओं का क्षमता विकास | 16 | 0 | 0 | 16 | सामाजिक कार्यक्र्ता | हिमोत्थान सोसायटी देहरादून | एन0 जी0 ओ0 |
| 11/08/15 | 1 दिन | शैक्षिणभ्रमण | 02 | 0 | 0 | 02 | कार्यक्र्ता | हिमोत्थान सोसायटी देहरादून | एन0 जी0 ओ0 |
| 14/09/15 | 1 दिन | शैक्षिणभ्रमण | 02 | 02 | 43 | 47 | विधार्थी | पीसपब्लिक स्कूल गोपेश्वर | स्कूल |
| 27/09/15 सें 29/09/15 | 3 दिन | युवा संगठनो का क्षमता विकास | 31 | 09 | 0 | 40 | कार्यक्र्ता | नेहरू युवाकेन्द्र | सरकारी विभाग |
| 30/09/ 15 से 01/10/15 | 2 दिन | त्रैमासिक बैठक | 06 | 09 | 0 | 15 | कार्यक्र्ता | उधोगिनी नईदिल्ली | एन0 जी0 ओ0 |
| 03/11/15 से 13/12/15 | 41 दिन | शैक्षिणभ्रमण | 01 | 09 | 0 | 10 | सोशलवर्क विधार्थी | लिनियस विश्वविधालय स्वीडन | विश्वविधालय स्वीडन |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 08/11/15 | 1 दिन | नेतृत्व क्षमताविकास | 12 | 08 | 0 | 20 | समाजिक कार्यकर्ता | नेहरू युवाकेन्द्र | सरकारी विभाग |
| 23/11/15 | 1 दिन | नेतृत्व विकास एवं कौशल | 0 | 0 | 26 | 26 | विधार्थी | हिमाद शिक्षा प्रसार एवं प्रशिक्षणकेन्द्र | एन0 जी0 ओ0 |
| 07/12/15 से 08/12/15 | 2दिन | महिलाओं का क्षमता विकास कार्यशाला | 04 | 48 | 0 | 52 | स्वयं सहायता समूह | राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन कर्णप्रयाग | ब्लॉककर्णप्रयाग |
| 8/12/15 | 1 दिन | बाल अधिकार क्षमता विकास | 0 | 0 | 12 | 12 | विधार्थी | हिमाद शिक्षा प्रसार एवं प्रशिक्षण केन्द्र | एन0 जी0 ओ0 |
| 27/01/16 से 29/01/16 | 3दिन | युवा संगठनों का क्षमता विकास एवं नेतृत्व क्षमता | 24 | 16 | 0 | 40 | युवा संगठन | नेहरू युवा केन्द्र | सरकारी विभाग |
| 31/01/16 से 01/02/16 | 2दिन | त्रैमासिकबैठक | 12 | 05 | 0 | 17 | सामाजिक कार्यकर्ता | हिमोत्थान सोसायटी देहरादून | एन0 जी0 ओ0 |
| 09/02/16 सें 11/02/16 | 3 दिन | महिलाओ की क्षमता विकास कार्यशाला | 05 | 55 | 0 | 60 | स्वयं सहायता समूह | राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन कर्णप्रयाग | ब्लॉक कर्णप्रयाग |
| 22/02/16 से 26/02/16 | 5दिन | महिलाओ की क्षमता विकास कार्यशाला | 05 | 229 | 0 | 234 | स्वयं सहायता समूह | राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन कर्णप्रयाग | ब्लॉक कर्णप्रयाग |
| 26/02/16 | 1 दिन | महिलाओं का नेतृत्व विकास | 05 | 40 | 0 | 45 | स्वयं सहायता समूह | हिमाद समिति गोपेश्वर | एन0जी0ओ0 |
| 09/03/16 | 1दिन | जन प्रतिनिधियो एवं अन्य हितग्राहियों क्षमता विकास | 06 | 26 | 0 | 32 | जन प्रतिनिधियो एवं अन्य हितग्राहियों क्षमता विकास | हिमाद समिति गोपेश्वर | एन0जी0ओ0 |
| 27/03/16 से 30/04/16 | 35 दिन | शैक्षिणभ्रमण | 01 | 01 | 0 | 2 | सोशलवर्क विधार्थी | लिनियस विश्वविधालय स्वीडन | विश्वविधालय स्वीडन |
| | | **योग** | **214** | **498** | **83** | **795** | | | |

## शहरी गरीबों के आर्थिक एवं सामाजिक अधिकारों के लिए पैरवी

कार्यक्रम के अर्न्तगत माह मई से अक्टुवर के मध्य बैठक, सेमिनार, कार्यशाला एवं शैक्षिक भ्रमणों का आयोजन किया गया, कानून एवं नीति शोध के तहत देहरादून शहर में कानून के विद्यार्थियों एवं वकीलों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 62 लोगों ने भाग लेकर शहरी गरीवों के विभिन्न मुद्दों से संदर्भित कानूनों पर चर्चा की और मलिन वस्तियों में रह रहे लोगों की वेहत्तरी के लिए और कानूनी पहलुओं को खोजने एवं समझने का संकल्प दोहराया। इसके अलावा बस्ती, क्लस्टर एवं शहर एवं नेटवर्क स्तर की कई वैठकों का आयोजन भी किया गया जिनमें दिन प्रतिदिन के संकटों एवं उपस्थित अवसरों को साझा किया गया। कार्यक्रम के तहत मलिन बस्तियों में स्वरोजगार के लिए समूहों का गठन उनका नगर निगम एवं रूट सेठ्ठी जैसी ऐजेन्सियों से लिंक करवाने का कार्य भी किया गया माह अक्टुवर 2015 के पश्चात यह कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है। वित्तीय एवं तकनीकी मदद के लिए हम विज्ञान फाउण्डेशन लखनऊ के आभारी हैं।

# बाल अधिकारों के लिए जन प्रयास कार्यक्रम

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी क्राई नई दिल्ली के सहयोग से बाल अधिकारों के लिए जनप्रयास कार्यक्रम का संचालन किया गया जिसके तहत जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी एवं दशोली के 12 गांवों में बाल अधिकारों की स्थापना हेतु विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। जिसके फलस्वरूप निम्न परिणाम प्राप्त किये गये। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के लिए कार्यक्षेत्र के मसोली, जखमाला, पाटी, श्रीगढ़, गुड़म, डांडागैर के सामुदायिक संगठनों के माध्यम से स्वास्थ्य उपकेंन्द्र की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। जिसके फलस्वरूप हापला में होम्योपैथिक केंन्द्र की स्थापना की स्वीकृति प्राप्त हुई तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा भूमि चयन तथा कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु शासनादेश जारी किया। सभी 12 गांवों के स्वास्थ्य उपकेंन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र एवं जिला चिकित्सालय का आईपीएचएस के मानकों के आधार पर विश्लेषण रिपोर्ट तैयार की गयी। तथा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, एएनसी, पीएनसी जांच तथा महिला एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली सुविधाओं की मैपिंग कर रिपोर्ट तैयार की गयी। कार्यक्षेत्र के 12 गांवों कुजांउ, मैकोट, बैना बस्ती, सलना, मसोली, जौरासी, डांडा, जखमाला, गुड़म, डांडागैर श्रीगढ़ एवं पाटी गांवों में आंगनबाड़ी केंन्द्रों के सक्रियकरण के मानकों एवं गुणवत्ता पूर्ण पूरक पोषाहार, तथा टेक होम राशन के वितरण का अध्ययन कर विश्लेषण रिपोर्ट तैयार की गयी। तथा समुदाय को आइसीडीएस मिशन एवं प्राथमिक बाल स्वास्थ्य एवं देखभाल कार्यक्रम की बैठकों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से जानकारी प्रदान की गयी। तथा मानकों के आधार पर समुदाय के माध्यम से आंगनबाड़ी भवन, किचन, शौचालय, पानी एवं समय से पूरक पोषाहार के वितरण की मांग की गयी। समुदाय एवं समिति के सदस्यों द्वारा सूचना अधिकार का प्रयोग कर बाल, शिशु एवं मातृ मृत्यु, जननी सुरक्षा योजना से लाभान्वित महिलाओं की संख्या, तथा संस्थागत प्रसवों की संख्या की जानकारी प्राप्त की गयी। तथा आंकड़ों का संकलन कर विश्लेषण रिपोर्ट तैयार कर शासन प्रशासन को प्रस्तुत की गयी।

